**भारत - कुक द्वीपसमूह संबंध**

भारत और कुक द्वीपसमूह ने 1998 में राजनयिक संबंधों की स्थापना की। इससे पूर्व न्यूजीलैंड स्थित भारतीय उच्चायुक्त को समवर्ती रूप से कुक द्वीपसमूह की भी जिम्मेदारी सौंपी जाती थी। 1999 में सुवा में भारतीय उच्चायोग के फिर से खुल जाने के बाद सुवा स्थित भारतीय उच्चायुक्त को समवर्ती रूप से कुक द्वीपसमूह की भी जिम्मेदारी सौंपी जाती है।

भारत सरकार ने लघु परियोजनाओं को निष्पादित करने के लिए वर्ष 2005 में कुक द्वीपसमूह की सरकार को तकरीबन 50,000 अमरीकी डालर मूल्य की वित्तीय सहायता की पेशकश की थी। भारत सरकार ने कार्यक्रमों के लिए तथा संपोषणीय विकास के लिए अक्टूबर, 2006 में नाडी (फिजी) में प्रशांत द्वीप मंच की मंच पश्चात वार्ता साझेदार बैठक में प्रशांत के सभी छोटे राज्यों को हर साल एक - एक लाख अमरीकी डालर के सहायता अनुदान की पेशकश की थी जिसे वर्ष 2009 में बढ़ाकर 1,25,000 अमरीकी डालर कर दिया गया। इस अनुदान में से तकरीबन 60,000 अमरीकी डालर वर्ष 2010 में कुक द्वीप समूह को विभिन्न परियोजनाओं के लिए दिया गया जिसमें शैक्षिक संस्थाओं के लिए फर्नीचर एवं उपकरण, गांव के लोगों के लिए मछली पकड़ने के औजारों का उन्नयन, सार्वजनिक उपयोग की सुविधाओं का निर्माण आदि शामिल था। भारत सरकार ने लेखा परीक्षा कार्यालय के लिए ऑडिट साफ्टवेयर का क्रय करने, विदेश एवं उत्प्रवास मंत्रालय के लिए तथा कुक द्वीप समूह के वित्त और आर्थिक प्रबंधन मंत्रालय के लिए कंप्यूटर एवं साजो-सामान की आपूर्ति के लिए 94,347.65 अमरीकी डालर की सहायता प्रदान की है।

कुक द्वीप समूह से दो विशेषज्ञों ने टेरी के साथ मिलकर मार्च, 2007 में सुवा में प्रशांत क्षेत्र के सभी 14 द्विपीय देशों के लिए इस मिशन द्वारा आयोजित संपोषणीय विकास पर कार्यशाला में भाग लिया।

अगस्त, 2012 में भारत सरकार के सहायता अनुदान से कुक द्वीप समूह द्वारा विकलांग व्यक्तियों के लिए एक विशिष्ट वाहन खरीदा गया है।

भारत सरकार ने 16 समुदाय विकास परियोजनाओं के लिए फरवरी, 2013 में, क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए उपकरण खरीदने के लिए फरवरी, 2014 में तथा सहायता अनुदान के तहत 10 पीरयोजना प्रस्तावों के लिए 2015 में निधियां प्रदान की।

कुक द्वीप समूह को वर्ष 2010 में पहली बार आई टी ई सी प्रशिक्षण के लिए दो स्लॉट आवंटित किया गया। वर्ष 2015-16 में आवांटन को बढ़ाकर तीन स्लॉट कर दिया गया था।

भारतीय उच्चायोग, सुवा के एक अधिकारी ने अक्टूबर, 2010 में नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रमंडल खेल के लिए क्वींस बैटन रिले (क्यू बी आर) के स्थानांतरण का समन्वय करने के लिए 24-25 मई, 2010 को पूरे कुक द्वीप समूह का दौरा किया। भारतीय उच्चायोग, सुवा के एक अधिकारी ने 31 जनवरी, 2012 को रारोटोंगा में आयोजित विकास साझेदारों की गोलमेज बैठक में भाग लिया।

माननीय राज्य मंत्री (ई ए) श्री ई. अहमद के नेतृत्व में भारत के एक शिष्टमंडल ने 31 अगस्त, 2012 को कुक द्वीप समूह में आयोजित 24वीं मंच पश्चात वार्ता साझेदार बैठक में भाग लिया। राज्य मंत्री (ई ए) ने शिष्टमंडलों के अन्य नेताओं तथा बैठक के प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। उन्होंने कुक द्वीप समूह के स्वास्थ्य मंत्री के साथ बैठक की तथा कुक द्वीप समूह तथा प्रशांत क्षेत्र के साथ घनिष्ठ संबंध विकसित करने में हमारी रूचि के बारे में बताया।

वित्त मंत्री श्री मार्क ब्राउन ने नई दिल्ली में संपोषणीय विकास एवं जलवायु परिवर्तन पर आयोजित ए डी बी एशिया नेतृत्व कार्यक्रम के लिए 2 से 4 फरवरी, 2013 के दौरान भारत का दौरा किया।

उच्चायुक्त ने 12 फरवरी, 2013 को रारोटोंगा में विकास साझेदारों की तीसरी गोलमेज बैठक में भाग लिया।

जॉन हेनरी, एसोशिएट मंत्री, आंतरिक मामले मंत्रालय ने 23 से 25 अक्टूबर, 2013 के दौरान नई दिल्ली में आयोजित एशिया एवं प्रशांत में दक्षिण - दक्षिण बाल अधिकार सहयोग पर दूसरी उच्च स्तरीय बैठक (एच एल एम) के सिलसिले में भारत का दौरा किया।

"सहायता की कारगरता पर सरकार, सभ्य समाज, निजी क्षेत्र तथा अंतर्राष्ट्रीय विकास साझेदारों के बीच वार्ता के लिए मंच के रूप में" कुक द्वीप समूह (सी आई) में 10 से 14 फरवरी, 2014 के दौरान विकास साझेदार बैठक (डी पी एम) आयोजित की गई। भारतीय उच्चायोग, सुवा ने इस बैठक में भाग लिया।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवंबर, 2014 को फिजी की अपनी यात्रा के दौरान सुवा (फिजी) में भारत - प्रशांत द्वीपीय देश मंच (एफ आई पी आई सी) शिखर बैठक का आयोजन किया जिसमें 14 प्रशांत द्वीपीय देशों ने हिस्सा लिया। कुक द्वीप समूह के शिष्टमंडल का नेतृत्व माननीय प्रधानमंत्री श्री हेनरी पुना ने किया। प्रशांत क्षेत्र के देशों (जिसमें कुक द्वीप समूह भी शामिल है) के संबंध में 19 नवंबर, 2014 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा जो घोषणाएं की गई उनमें निम्नलिखित शामिल हैं : (i) 1 मिलियन डालर के एक विशेष अनुकूलन कोष का गठन, (ii) टेली - मेडिसीन एवं टेली - एजुकेशन के लिए अखिल प्रशांत द्वीप परियोजना का विकास, (iii) प्रशांत द्वीप के देशों - कुक द्वीप समूहों, किंगडम ऑफ टोंगा, टुवालु, नौरू गणराज्य, किरिबाटी गणराज्य, वनौतू सोलोमन द्वीप समूह, समोया, नीयू, पलायू गणराज्य, माइक्रोनेशिया संघीय गणराज्य, मार्शल द्वीप गणराज्य, फिजी, पपुआ न्यू गिनिया के लिए आगमन पर भारतीय वीजा, (iv) प्रशांत द्वीप के देशों के लिए प्रति वर्ष सहायता अनुदान को बढ़ाकर 2,00,000 डालर करना जिसे हमारे विकास सहयोग के लिए एक व्यापक क्षेत्र प्रदान करने के लिए शुरू किया जाएगा, (v) भारत में प्रशांत द्वीप मंच के देशों के लिए व्यापार कार्यालय की स्थापना, (vi) आई टी पी ओ द्वारा आयोजित प्रदर्शनियों के दौरान प्रशांत द्वीप मंच के देशों के लिए कंप्लीमेंटरी स्पेस प्रदान करना, (vii) कृषि, स्वास्थ्य देखरेख एवं आईटी जैसे क्षेत्रों सहित अनेक क्षेत्रों में प्रशांत द्वीप के देशों में आई टी ई सी विशेषज्ञों की प्रतिनियुक्ति, (viii) प्रशांत द्वीप के देशों के राजनयिकों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन करना, (ix) प्रशांत द्वीप के देशों के लिए विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम शुरू करना, (x) 2015 में भारत में प्रशांत द्वीप के देशों एवं भारत के नेताओं की अगली शिखर बैठक का आयोजन करना, (xi) लोगों के जीवन की गुणवत्ता एवं संचार की सुविधाओं में सुधार के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के अप्लीकेशन के प्रयोग में सहयोग, (xii) जलवायु परिवर्तन की निगरानी, आपदा जोखिम कटौती तथा प्रबंधन एवं संसाधन प्रबंधन के लिए डाटा की हिस्सेदारी की संभावनाओं का पता लगाना और (xiii) परंपरागत दवाओं में संयुक्त अनुसंधान करना; इस क्षेत्र के लोगों के लाभ के लिए स्वास्थ्य देखरेख की सुविधाएं विकसित करना।

कुक द्वीप समूह के दो राजनयिक ने मई, 2015 में नाडी, फिजी में विदेश सेवा संस्थान द्वारा आयोजित प्रशांत क्षेत्र के द्विपीय देशों के राजनयिकों के लिए प्रशिक्षण में भाग लिया।

21 जून 2015 को कुक द्वीप समूह में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

21 अगस्त, 2015 को जयपुर में आयोजित भारत - प्रशांत द्वीप सहयोग मंच (एफ आई पी आई सी) की दूसरी शिखर बैठक में भाग लेने के लिए कुक द्वीपसमूह के स्वास्थ्य, न्याय एवं संसदीय सेवा मंत्री नंदी ग्लैसी के नेतृत्व में कुक द्वीपसमूह के एक शिष्टमंडल ने भारत का दौरा किया।

**उपयोगी संसाधन :**

भारतीय उच्चायोग, सुवा की वेबसाइट :
http://www.indianhighcommissionfiji.org
भारतीय उच्चायोग, सुवा का फेसबुक पेज :
https://www.facebook.com/IndiainFiji
भारतीय सांस्कृतिक केंद्र, भारतीय उच्चायोग, सुवा का फेसबुक पेज :
https://www.facebook.com/ICCHighcomindSuva

***

*जनवरी, 2016*